प्ररूप-क

(नियम-3 देखिए)

अनुदेशों सहित संयुक्त आवेदन-पत्र (सी.ए.एफ.)

अनुक्रमणिका

अनुक्रमांक	विशिष्टियां
1.	अनुदेश
2.	आवेदक का पत्र
3.	संयुक्त आवेदन-पत्र (सी.ए.एफ.) का प्ररूप

(1) भाग-क
सामान्य जानकारी

(2) भाग-ख

(एक) सी.ए.एफ.-1
पर्यावरण संबंधी बाधा-निवारण

(दो) सी.ए.एफ.-2
एल.टी. तथा एच.टी. हेतु ऊर्जा संयोजन

(तीन) सी.ए.एफ.-3
कारखाना अधिनियम, 1948 (1948 का 63) के अधीन स्थान का अनुमोदन तथा भवन निर्माण करने की अनुज्ञा के लिए.

(चार) सी.ए.एफ.-4
भू-आवंटन

(पांच) सी.ए.एफ.-5
जल आपूर्ति

(छह) सी.ए.एफ.-6
प्राकृतिक संसाधनों से जल निकालने (खींचने) के आवंटन हेतु आवेदन

(सात) सी.ए.एफ.-7
भवन निर्माण हेतु स्थानीय निकायों से अनुज्ञा

1. घोषणा

2. अभिस्वीकृति

संयुक्त आवेदन-पत्र

अनुदेश

मध्यप्रदेश निवेश संवर्धन (संयुक्त आवेदन-पत्र तथा आवेदन की समय-सीमा में प्रक्रिया) नियम, 2010 के अधीन संयुक्त आवेदन-पत्र (सी.ए.एफ.) का प्ररूप प्रस्तुत करने हेतु

कृपया सी.ए.एफ. प्रस्तुत करने से पूर्व निम्नलिखित अनुदेश सावधानीपूर्वक देखें:—

1. ऐसे निवेशक, जो नई परियोजना स्थापित करना चाहते हैं या जो उनके विद्यमान उद्योग का विस्तार/ उसमें विधिवत् आधुनिकीकरण करने का प्रस्ताव करते हैं तथा जो विभिन्न विभागों/ एजेन्सियों से सहमति/ बाधा-निवारण चाहते हैं, तो वे संयुक्त आवेदन-पत्र (सी.ए.एफ.) में आवेदन कर सकेंगे.

2. सी.ए.एफ. में दो भाग समाविष्ट हैं, अर्थात् भाग "क" तथा भाग "ख", भाग "क" में आवेदक से परियोजना की सामान्य तथा मूलभूत जानकारी उपलब्ध कराना अपेक्षित है, भाग "ख" में आवेदक से संबंधित विभागों से आवश्यक बाधा-निवारण/ सहमति प्राप्त करने के लिए अपेक्षित ब्यौरे प्रस्तुत करने की अपेक्षा है.

3. 10 करोड़ रुपये का एक निश्चित निवेश प्रस्तावित करने वाले आवेदकों से संयुक्त आवेदन-पत्र (सी.ए.एफ.) विनिर्दिष्ट नोडल एजेन्सी अर्थात् उस जिले/ क्षेत्र के जहां परियोजना की स्थापना प्रस्तावित है, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र (डी.टी.आई.सी.) को प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित होगा.

4. 10 करोड़ रुपये से अधिक का एक निश्चित निवेश प्रस्तावित करने वाले आवेदकों से विनिर्दिष्ट नोडल एजेन्सी अर्थात् मध्यप्रदेश ट्रेड एण्ड इन्वेस्टमेंट फेसिलिटेशन कार्पोरेशन लिमिटेड (एम.पी. ट्रायफेक) ए.व्ही.एन. टॉवर, 192 एम. पी. नगर, भोपाल-462011 को संयुक्त आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित होगा.

5. संयुक्त आवेदन-पत्र का पूरा मुद्रित सेट रुपये 250/- के भुगतान करने पर, नोडल एजेन्सियों अर्थात् मध्यप्रदेश ट्रायफेक/ जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र (डी.टी.आई.सी.) से प्राप्त किया जा सकता है. संयुक्त आवेदन-पत्र (सी.ए.एफ.) वेबसाइट www.mptrifac.org अथवा www.mpindustry.org से भी डाउनलोड किया जा सकता है.

6. संयुक्त आवेदन-पत्र (सी.ए.एफ.) के साथ आवेदक से निम्नानुसार आवेदन शुल्क का भुगतान अपेक्षित होगा:—

अनुक्रमांक (1)	परियोजना में प्रस्तावित निश्चित पूंजी निवेश (2)	आवेदन शुल्क रुपयों में (3)
1.	रुपये 1.00 करोड़ तक	500
2.	रुपये 1.00 करोड़ से अधिक रुपये 10.00 करोड़ तक	2000
3.	रुपये 10.00 करोड़ से अधिक रुपये 25.00 करोड़ तक	5000
4.	रुपये 25.00 करोड़ से अधिक	10,000

7. पैरा-6 में वर्णित आवेदन शुल्क के अतिरिक्त संयुक्त आवेदन-पत्र (सी.ए.एफ.) के साथ संबंधित विभागों/एजेन्सियों द्वारा प्रभारित विभिन्न बाधा-निवारणों के लिए आवश्यक शुल्क पृथक् से देना होगा. शुल्क के रूप में बैंकर्स चेक/ डिमाण्ड ड्राफ्ट/ चालान (जो लागू हो) संयुक्त आवेदन-पत्र के साथ संलग्न होना चाहिए, किन्तु संबंधित विभागों/ एजेन्सियों के पक्ष में ही देय होगा.

8. आवेदकों से उन्हीं आवेदन-पत्रों को भरकर प्रस्तुत करना अपेक्षित है जो उनकी परियोजना के लिए लागू है (संयुक्त आवेदन-पत्र में सम्मिलित उन सभी आवेदन-पत्रों को भरा जाना आवश्यक नहीं है जो सी.ए.एफ. का भाग हैं).

9. आवेदक, संयुक्त आवेदन-पत्र (सी.ए.एफ.) विनिर्दिष्ट अधिकारी को एम. पी. ट्रायफेक अथवा डी.टी.आई.सी. को प्रस्तुत करेगा या आवेदन-पत्र पंजीकृत डाक से भी प्रेषित किए जा सकते हैं. विनिर्दिष्ट अधिकारी संयुक्त आवेदन-पत्र का निम्नलिखित बिन्दुओं पर परीक्षण करेंगे कि—

(एक) आवेदन-पत्र के पूर्ण सेट संलग्न हैं या नहीं;

(दो) विहित शुल्क संलग्न है या नहीं;

(तीन) आवश्यक संलग्नक संलग्न किए गए हैं या नहीं;

(चार) आवेदन-पत्र पूर्ण रूप से भरा हुआ है या नहीं तथा सम्यक् रूप से प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित है या नहीं. पॉवर ऑफ अटॉर्नी की प्रमाणित प्रति संलग्न की गई है या नहीं;

(पांच) कम्पनी के मामले में, प्लांट की स्थापना के निर्णय संबंधी कथन करते हुए कम्पनी के बोर्ड के संकल्प की प्रति संलग्न है या नहीं;

(छ:) संलग्न सभी दस्तावेज स्वप्रमाणित होना चाहिए.

10. संयुक्त आवेदन-पत्र (सी.ए.एफ.) के साथ विहित शुल्क एवं आवश्यक दस्तावेजों के प्रस्तुत नहीं करने पर आवेदन-पत्र अपूर्ण माना जाएगा और उस पर विचार नहीं किया जाएगा.

11. बाधा-निवारण/ सहमति प्राप्त करने हेतु प्राप्त आवेदन-पत्रों का निराकरण सुसंगत नियमों एवं अधिनियमों के अधीन एवं दिशा निर्देशों के अनुसार किया जावेगा. आवेदन के निराकरण हेतु आवश्यक समय-सीमा उपाबंध-एक में वर्णित किए गए अनुसार होगा.

12. उन संलग्नकों तथा विशिष्टियों को, जो संयुक्त आवेदन-पत्र (सी.ए.एफ.) का ही एक भाग है, आवेदक द्वारा स्वप्रमाणीकृत किया जाएगा.

13. अस्पष्ट, भ्रामक या गलत जानकारी दिए जाने की स्थिति में केवल आवेदक ही मध्यप्रदेश निवेश संवर्धन अधिनियम, 2008 की धारा 18(1) के अधीन परिणाम के प्रति उत्तरदायी होगा.

14. यदि कोई सहमति/ बाधा-निवारण सी.ए.एफ. के अन्तर्गत नहीं आती है तो आवेदक संबंधित विभागों/एजेन्सियों द्वारा विहित प्ररूप में ऐसी बाधा-निवारण के लिए सुसंगत विधियों के अधीन सी.ए.एफ. के साथ अतिरिक्त आवेदन प्रस्तुत कर सकेगा.

15. जहां सहमतियां/ बाधा-निवारण जारी करने हेतु संबंधित विभागों/ एजेन्सियों द्वारा कोई आवेदन-पत्र विहित नहीं किया गया हो, वहां आवेदक सादे कागज पर समस्त जानकारी एवं संलग्नकों के साथ आवेदन कर सकेगा.

16. आवेदक, यदि वे ऐसा चाहे तो, सीधे ही संबंधित विभागों/ एजेन्सियों को आवश्यक बाधा-निवारण/ सहमति प्राप्त करने हेतु आवेदन कर सकते हैं. संबंधित विभाग/ एजेन्सियां, मध्यप्रदेश निवेश संवर्धन (संयुक्त आवेदन-पत्र तथा आवेदनों की प्रक्रिया के लिए समय-सीमा) नियम, 2010 में यथा विहित समय-सीमा में ऐसे आवेदनों का निराकरण करेंगे.

आवेदक की ओर से पत्र

प्रति,

प्रबंध संचालक,
म. प्र. ट्रायफेक,
ए.व्ही.एन. टॉवर, 192
जोन-1, एम. पी. नगर,
भोपाल-11

महाप्रबंधक,
जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र
जिला ....

विषय:—संयुक्त आवेदन-पत्र (सी.ए.एफ.) का प्रस्तुत किया जाना.

महोदय,

हम जिला .... में रुपये . . . . के निवेश से एक नवीन परियोजना की स्थापना/ परियोजना का विस्तार/ परियोजना में विविधता/ उसका आधुनिकीकरण करना चाहते हैं.

आवेदन-पत्र (सी.ए.एफ.) के सम्यक् रूप से भरे हुए भाग-'क' एवं भाग-'ख' प्रस्तुत हैं. हमारा निवेदन है कि म. प्र. निवेश संवर्धन अधिनियम, 2008 के उपबंधों के अधीन संयुक्त आवेदन-पत्र में यथावर्णित सहमतियां/ बाधा-निवारण प्राप्त करने में हमें सुविधा प्रदान करने का कष्ट करें.

भवदीय

हस्ताक्षर

(अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता)

दिनांक :

स्थान :

नाम ....

पदनाम ....

कम्पनी ....

संलग्न :

1. संयुक्त आवेदन-पत्र (भाग-'क' एवं 'ख')
2. घोषणा-पत्र
3. समर्थन में प्रस्तुत दस्तावेजों की सूची.

संयुक्त आवेदन-पत्र (सी.ए.एफ.) भाग-क

परियोजना की सामान्य जानकारी—

1. आवेदक का नाम ....

2. परियोजना का नाम ....

3. प्रस्तावित स्थल ....

4. पूर्ण पता ....

पंजीकृत कार्यालय	निगमित कार्यालय	स्थानीय कार्यालय
दूरभाष क्रमांक :	दूरभाष क्रमांक :	दूरभाष क्रमांक :
फैक्स :	फैक्स :	फैक्स :
ई-मेल :	ई-मेल :	ई-मेल :

पत्राचार के लिए पता :—

5. कम्पनी के स्वामी/ भागीदार/ प्रवर्तक/ संचालक के ब्यौरे :

अनुक्रमांक	नाम	पदनाम	पता	दूरभाष क्रमांक	फैक्स/ई-मेल
1.					
2.					
3.					
4.					
5.					

6. परियोजना प्रमुख/मुख्य कार्यकारी अधिकारी का नाम व पता :

नाम	पदनाम	पता	दूरभाष क्रमांक	फैक्स/ ई-मेल

7. सम्पर्क हेतु व्यक्ति का विवरण :

नाम	पदनाम	पता	दूरभाष क्रमांक	फैक्स/ ई-मेल

8. फर्म का गठन :
(कृपया चिन्ह लगाएं)

अनुक्रमांक	फर्म/ कंपनी	कृपया (✔) चिन्ह लगाएं
1.	स्वामित्व	
2.	भागीदारी	
3.	प्रायवेट लिमिटेड	
4.	पब्लिक लिमिटेड	
5.	अन्य कृपया विनिर्दिष्ट करें	

9. प्रस्तावित परियोजना की श्रेणी :

अनुक्रमांक	श्रेणी	कृपया (✔) चिन्ह लगाएं
1.	उद्योग	
	(क) सूक्ष्म	
	(ख) लघु उद्योग (एस.एस.आई.)	
	(ग) मध्यम	
	(घ) वृहद	
2.	सेवा	
3.	अन्य	

10. विनिर्माण के लिए प्रस्तावित वस्तु/सेवा का नाम :

अनुक्रमांक	वस्तु/ सेवा का नाम	प्रस्तावित क्षमता (प्रतिवर्ष)
1.		
2.		
3.		
4.		
5.		

11. **प्रस्तावित निवेश :**

	विवरण	मूल्य (रु. लाख में)
(एक)	भूमि एवं स्थल विकास	
(दो)	भवन	
(तीन)	संयंत्र एवं मशीनरी	
	(क) स्वदेशी	
	(ख) आयातित	
(चार)	विद्युत् संस्थापन	
(पांच)	केप्टिव पॉवर उत्पादन में निवेश (यदि कोई हो)	
(छह)	अन्य स्थिर आस्तियां	
कुल स्थिर निवेश		
(सात)	प्रारंभिक और चालू करने के पूर्व व्यय	
(आठ)	कार्यशील पूंजी हेतु मार्जिन मनी	
	कुल परियोजना लागत . .	

12. **वित्तीय साधन :**

अनुक्रमांक	विवरण	(रुपये लाख में)
1.	अंश पूंजी	
2.	वित्तीय संस्थाओं/ बैंकों से सावधि ऋण	
3.	अप्रतिभूत ऋण	
4.	अन्य परिदान (यदि कोई हो)	
	योग . .	

13. प्रस्तावित परियोजना हेतु भूमि की कुल आवश्यकता :

14. बिजली की आवश्यकता:

(एक) उच्च दाब (एच.टी.) एवं निम्न दाव (एल.टी.) संयोजन:

(दो) अपेक्षित भार:

15. जल की प्राक्कलित आवश्यकता:
(कि.ली. प्रतिदिन)

16. प्रस्तावित रोजगार :

- प्रबन्धकीय :
- पर्यवेक्षीय :
- कुशल :
- अकुशल :

17. उद्यम संबंधी ज्ञापन का विवरण (भाग-एक एवं दो)/एसआईए अभिस्वीकृति/ औद्योगिक अनुज्ञप्ति के ब्यौरे (कृपया प्रतियां संलग्न करें)

क्रमांक/दिनांक	उत्पाद का नाम	जारीकर्ता प्राधिकारी	वैधता की अवधि

18. उत्पादन/सेवाएं प्रारंभ होने की संभावित तारीख:

19. सरकारी विभागों /एजेन्सियों, यदि कोई हों, के साथ हस्ताक्षरित किए गए एमओयू/ईओआई का विवरण (प्रति संलग्न की जाए):

20. क्या परियोजना को प्रोजेक्ट क्लीयरेंस इम्प्लीमेंटेशन बोर्ड (पी.सी.आई.बी.) से बाधा-निवारण प्राप्त है, उसके ब्यौरे, यदि लागू हो :

21. परियोजनाओं से संबंधित अन्य कोई जानकारी:

(अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता)

नाम ....

पता ....

दूरभाष क्रमांक :
मोबाइल नं. :
ई-मेल :

टिप्पणी :—

1. आवेदकों द्वारा विभिन्न विभागों से बाधा-निवारण/सहमतियां प्राप्त करने के लिए प्रत्येक आवेदन-पत्र के साथ परियोजना की सामान्य जानकारी (केवल भाग-क) का एक सेट संलग्न किया जाना आवश्यक है, इसके अतिरिक्त परियोजना की सामान्य जानकारी (केवल भाग-क) का एक अतिरिक्त सेट नोडल अधिकारी को अभिलेख के लिए प्रस्तुत किया जाना चाहिए.

2. यदि आवश्यक हो, तो परियोजना की सामान्य जानकारी के साथ पृथक् शीट संलग्न की जा सकेगी.

संयुक्त आवेदन-पत्र भाग-ख

बाधा-निवारण उन आवेदन-पत्रों का संक्षित सार जो अभिप्राप्त करने हेतु संयुक्त आवेदन-पत्र के साथ संलग्न किए गए हों:—

अनुक्रमांक	बाधा-निवारण	संयुक्त आवेदन-पत्र क्रमांक	विभाग/एजेन्सी	आवेदन संलग्न हैं (हां/नहीं)
1.	पर्यावरण संबंधी बाधा-निवारण (जल एवं वायु प्रदूषण के लिए सहमति).	सीएएफ-1	राज्य पर्यावरण संबंधी प्रभाव निर्धारण एजेन्सी.	
2.	विद्युत् संयोजन उच्चदाब (एच.टी.) संयोजन निम्नदाब (एल.टी.) संयोजन	सीएएफ-2	संबंधित विद्युत् वितरण कम्पनी	
3.	कारखाना अधिनियम के अधीन स्थल अनुमोदन एवं भवन निर्माण हेतु अनुज्ञा.	सीएएफ-3	श्रम विभाग	
4.	भूमि आबंटन	सीएएफ-4	संबंधित जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र (डी.टी.आई.सी.)/मध्यप्रदेश औद्योगिक केन्द्र विकास निगम (एम.पी.ए.के.व्ही.एन.)	
5.	जल आपूर्ति	सीएएफ-5	मध्यप्रदेश औद्योगिक केन्द्र विकास निगम (एम.पी.ए.के.व्ही.एन.)	
6.	प्राकृतिक संसाधनों से निकाले जाने वाले प्रस्तावित जल का आवंटन.	सीएएफ-6	जल संसाधन विभाग	
7.	भवन के निर्माण हेतु स्थानीय निकायों से अनुज्ञा.	सीएएफ-7	नगर पालिका/नगर निगम	
8.	अन्य			

(अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता)

सी.ए.एफ.-1

पर्यावरणीय विधि नियम विषयक आवश्यकताएं :—

1. जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 एवं वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 की धारा 21 के अधीन सहमति को जिनमें स्थानीय निकायों/ई.आई.ए. अधिसूचना 2006 में सूचीबद्ध उद्योग सम्मिलित हैं, खदानों के सरलीकरण प्रक्रिया के अधीन सूचीबद्ध एस.एस.आई. सेक्टर में क्रियाकलापों को छोड़कर राज्य सरकार द्वारा जारी आदेश दिनांक 21-1-2008 के लिए सहमति जल एवं वायु अधिनियम के अधीन सहमति प्राप्त करना आवश्यक है. सहमति प्राप्त करने की प्रक्रिया निम्नानुसार है:—

एक. 5.0 हेक्टेयर अथवा उससे अधिक क्षेत्रफल वाली मध्यम/वृहद उद्योग/ संस्था/नगरपालिक निगम की खदानें:—सहमति दो भागों में दी जाती है :—

(क) स्थापना हेतु अनुज्ञा (ख) संचालन हेतु सहमति, किसी नियम कालावधि के लिए संचालन की सहमति जारी करने के पश्चात् यह आवश्यक है कि नियमित रूप से नवीकरण किया जाए.

स्थापना हेतु अनुज्ञा .—जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 की धारा 25/26 और वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 की धारा 21 के अधीन स्थापना की अनुज्ञा हेतु आवेदन-पत्र विहित फार्मेट) में बोर्ड के मुख्यालय, भोपाल में प्रस्तुत करना होगा.

संचालन हेतु सहमति .—जल(प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 की धारा 25/26 और वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 की धारा 21 के अधीन विस्तृत जानकारी एवं स्थापना की अनुज्ञा में अधिकथित शर्तों के पालन के साथ विहित फार्मेट में आवेदन बोर्ड के मुख्यालय, भोपाल में प्रस्तुत करना होगा.

सहमति का नवीकरण .—सहमति का संचालक या सहमति का नवीकरण नियत कालावधि के लिए किया जाता है. सहमति का वैधता की समाप्ति के पूर्व नवीकृत होना आवश्यक है. सहमति के नवीकरण हेतु आवेदन-पत्र जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 की धारा 25/26 और वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 की धारा 21 के अधीन विहित फार्मेट में तथा आवश्यक सहमति नवीकरण फीस, बोर्ड के मुख्यालय, भोपाल में प्रस्तुत करना होगा.

दो. लघु उद्योग/संस्थाएं

एस.एस.आई. प्रवर्ग के अधीन उद्योग/संस्थाएं जो सहमति से छूट प्राप्त नहीं है: लघु उद्योग संस्थाएं जिसमें नगरपालिक निगम को छोड़कर पांच हेक्टेयर से कम खनन पट्टा रखने वाली खदानें स्थानीय संस्थाओं को सम्मिलित करते हुए सहमति देने के लिए या सहमति का नवीकरण करने की शक्तियां बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारियों को प्रत्यायोजित की गई है. जल (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1974 की धारा 25/26 और वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 की धारा 21 के अधीन आवश्यक सहमति/सहमति नवीकरण फीस तथा सहमति के लिए आवेदन-पत्र विहित फार्मेट के साथ नवीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत करना होगा.

एस.एस.आई. प्रवर्ग के अधीन उद्योग एवं संस्थाएं जो सहमति की सरलीकृत प्रक्रिया के अन्तर्गत आते हैं:—

राज्य सरकार के आदेश दिनांक 21 जनवरी 2008 द्वारा जारी सहमति की सरलीकृत प्रक्रिया के अधीन सूचीबद्ध क्रियाकलाप/उद्योगों को विहित फार्मेट में एक आवेदन प्रस्तुत करना आवश्यक है. सरलीकृत प्रक्रिया के उपबंधों के अनुसार सुसंगत अधिनियमों के अधीन अभिस्वीकृति को सहमति के रूप में समझा जाता है.

2. **खतरनाक अपशिष्ट (प्रबंधन, हथालन तथा ट्रान्स बाउन्ड्री मूवमेंट) नियम, 2008 के अधीन प्राधिकार :—**

सभी मध्यम/वृहद् उद्योग/ संस्था/नगरपालिक निगम/5.0 हेक्टेयर अथवा उससे अधिक क्षेत्रफल की खदानों को खतरनाक अपशिष्ट (प्रबंधन, हथालन, तथा ट्रान्स बाउन्ड्री मूवमेंट) नियम, 2008 के अन्तर्गत प्राधिकार हेतु लागू प्रशासकीय प्रभारों (यदि सम्मिलित हैं) व्यय के साथ आवेदन बोर्ड के मुख्यालय में प्रस्तुत करना आवश्यक है. लघु उद्योग/संस्थाएं जिसमें नगरपालिक निगम को छोड़कर 05 हेक्टेयर से कम क्षेत्र की खदानों, स्थानीय प्राधिकरणों तथा खतरनाक अपशिष्ट(प्रबंधन, हथालन, तथा ट्रान्स बाउण्ड्री मूवमेंट) नियम, 2008 के अधीन लघु उद्योगों/पांच हेक्टेयर से कम क्षेत्र की खनन पट्टा वाली खदानों को सम्मिलित करते हुए, नगर पालिक निगमों के सिवाय अन्य स्थानीय प्राधिकारियों को प्राधिकार देने की शक्तियां बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारियों को प्रत्योजित की गई हैं.

3. **ई.आई.ए. अधिसूचना 2006 के अधीन पर्यावरण के संबंध में बाधा-निवारण:—**

ई.आई.ए. अधिसूचना 2006 की अनुसूची में सूचीबद्ध उद्योगों/क्रियाकलापों को पर्यावरण एवं वन मंत्रालय या राज्य पर्यावरण प्रभाव निर्धारण अधिकरण (एजेन्सी) (SEIAA) से पर्यावरण के संबंध में बाधा-निवारण प्राप्त करना आवश्यक है:—

(क) ई. आई. ए. अधिसूचना, की अनुसूची में "क" श्रेणी में सूचीबद्ध उद्योगों या क्रियाकलापों को भारत सरकार, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय से पर्यावरण के संबंध में बाधा-निवारण प्राप्त करना आवश्यक है.

(ख) ई.आई.ए. अधिसूचना, 2006 की अनुसूची में ''ख'' श्रेणी में सूचीबद्ध उद्योगों या क्रियाकलापों को राज्य पर्यावरण प्रभाव निर्धारण अधिकरण (एजेन्सी) (SEIAA) से पर्यावरण के संबंध में बाधा-निवारण प्राप्त करना आवश्यक है.

टिप्पणी : ऑनलाइन आवेदन हेतु कृपया बोर्ड की अधिकृत वेबसाइट देखें.

जल/वायु अधिनियमों के अधीन सहमति हेतु आवेदन प्ररूप तथा सहमति शुल्क का ब्यौरा बोर्ड की अधिकृत वेबसाइट www.mppcb.nic.in/Divisions/Technial/Consentmanagement पर उपलब्ध है.

औद्योगिक इकाईयों को पूर्व पर्यावरणीय बाधा-निवारण देने हेतु प्रक्रिया

1. जहां कोई उद्यमी - नवीन उद्योग स्थापित करना चाहता है.
   - विद्यमान उद्योग का विस्तार/आधुनिकीकरण करना चाहता है.
   - विद्यमान उद्योग में प्रक्रिया/तकनीक में परिवर्तन करना चाहता है, या
   - क्रियाशील उद्योग के स्थान में परिवर्तन करना चाहता है.

(ई.आई.ए. अधिसूचना, 2006 की अनुसूची में सूचीबद्ध उद्योग/प्रक्रिया यथास्थिति एम.ओ.ई.एफ.(जी.ओ.आई.) या एस.ई.आई.ए.ए. से पूर्व क्रियाकलापों का पर्यावरणीय बाधा-निवारण प्राप्त करना होगा-कृपया ई.आई.ए. अधिसूचना की संलग्न अनुसूची का सन्दर्भ लें.)

2. एस.ई.आई.ए.ए द्वारा पूर्व पर्यावरणीय बाधा-निवारण हेतु प्राप्त आवेदन तकनीकी पुनर्विलोकन स्क्रीनिंग और स्कोपिंग हेतु स्टेट इनवायरनमेंटल एप्रेजल कमेटी को अग्रेषित करना है. टी.ओ.आर. (TOR) हेतु परियोजना प्रस्तावक को स्टेट इनवायरनमेंटल एप्रेजल कमेटी के समक्ष परियोजना के संबंध में मुख्य बातों पर प्रस्तुत करना है. एस.ई.ए.सी. द्वारा उठाए गए प्रश्न का उत्तर मौके पर ही पी.पी. द्वारा देना होगा.

3. यदि स्टेट इनवायरनमेंटल एप्रेजल कमेटी प्रस्तुत करने से संतुष्ट है तो पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन रिपोर्ट (EIA) तथा पर्यावरणीय प्रबंधन योजना (EMP) तैयार करके टी.ओ.आर. (TOR) को अनुमोदित तथा जारी किया जाता है.

4. टी.ओ.आर. (TOR) के आधार पर अंतिम पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन रिपोर्ट (EIA) तथा पर्यावरणीय प्रबंधन योजना (EMP) तैयार कर राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के समक्ष लोक सुनवाई हेतु (यदि आवश्यक हो) प्रस्तुत की जाती है. लोक सुनवाई के दौरान प्राप्त आपत्तियों/सुझावों को सम्मिलित करने के पश्चात् अंतिम पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन रिपोर्ट (EIA) तथा पर्यावरणीय प्रबंधन योजना (EMP) तैयार की जाती है.

5. अंतिम पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन रिपोर्ट (EIA) पर्यावरणीय प्रबंधन योजना (EMP) के साथ पर्यावरणीय बाधा-निवारण हेतु आवश्यकतानुसार भारत सरकार, पर्यावरण एवं वन मंत्रालय अथवा राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण के समक्ष आवेदन करना होता है. स्टेट इनवायरनमेंटल एप्रेजल कमेटी के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ प्रस्तावक द्वारा समस्त प्रश्नों के उत्तर प्रस्तुत करना होंगे.

जल/वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियों के अधीन सहमति :

ई.आई.ए अधिसूचना, 2006 में सूचीबद्ध उद्योगों को सम्मिलित करते हुए खदानों एवं समस्त उद्योगों, संस्थाओं, स्थानीय निकायों को राज्य सरकार द्वारा जारी आदेश दिनांक 21-1-2008 सहमति हेतु सरलीकृत प्रक्रिया के अधीन सहयोगी एस.एस.आई. सेक्टर में क्रियाकलापों को छोड़कर जल तथा वायु अधिनियम के अधीन, सहमति प्राप्त करना आवश्यक है.

राज्य पर्यावरण प्रभाव निर्धारण एजेन्सी (एस.ई.आई.ए.ए.) द्वारा पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के अधीन पर्यावरणीय बाधा-निवारण हेतु आवश्यक विवरण

प्ररूप-1

(एक) आधारभूत जानकारी :

परियोजना का नाम :

विचाराधीन वैकल्पिक अवस्थिति/स्थल :

परियोजना का आकार :

परियोजना की अनुमानित लागत :

संपर्क जानकारी :

संवीक्षा प्रवर्ग :

अंचलीय क्रियाकलाप के लिए तत्स्थानी क्षमता (जैसे विनिर्माण करने के लिए उत्पादन क्षमता, खनिज उत्पादन के लिए खनन पट्टा और उत्पादन क्षमता, खनिज पूर्वेक्षण के लिए क्षेत्र, अनुरेख परिवहन अवसंरचना के लिए लंबाई, विद्युत् उत्पादन आदि के उत्पादन क्षमता)

(दो) क्रियाकलाप :

1. परियोजना का सन्निर्माण, प्रचालन या न निकालना जिसमें ऐसी कार्रवाई भी सम्मिलित है जो स्थान में भौतिक परिवर्तनों का कारण होगी (स्थलाकृति, भूमि उपयोग, जल निकायों में परिवर्तन आदि) :—

अनुक्रमांक	जानकारी/जांच सूची पुष्टिकरण	हां/नहीं	उनके ब्यौरे (लगभग मात्रा/दर, सहित, जहाँ तक संभव हो) आंकड़ों की जानकारी के स्रोत सहित
(1)	(2)	(3)	(4)
(1)	भूमि उपयोग, समावेश भूमि या स्थलाकृति में स्थायी या अस्थायी जिसमें भूमि उपयोग की मात्रा (स्थानीय भूमि उपयोग योजना के बारे में वृद्धि भी सम्मिलित है).		
(2)	विद्यमान भूमि, वनस्पति और भवनों के संबंध में बाधा-निवारण.		
(3)	नई भूमि उपयोगों का सृजन		
(4)	सन्निर्माण पूर्व अन्वेषण अर्थात् बोर, गृह, मिट्टी का परीक्षण करना.		
(5)	सन्निर्माण कार्य?		
(6)	नष्ट करने संबंधी कार्य		
(7)	सन्निर्माण कार्य या सन्निर्माण कर्मकारों के गृह निर्माण के प्रबंध के लिए उपयोग किए गए अस्थायी स्थल.		

(1)	(2)	(3)	(4)
(8)	उपर्युक्त भू-भवन, संरचनाएं या धुस्स जिसमें अनुरेखीय संरचनाएं, काटना और भरना या खुदाई भी सम्मिलित है.		
(9)	भूमिगत कार्य जिसमें खनन सुरंग बनाना भी सम्मिलित है.		
(10)	भूमि सुधार कार्य		
(11)	तलकर्षक		
(12)	अपतट संरचनाएं		
(13)	उत्पादन और विनिर्माण प्रक्रियाएं		
(14)	सामग्रियों या माल के भंडार की सुविधाएं		
(15)	ठोस अपशिष्ट या तरल बहिस्रावों के उपचार या निपटान के लिए सुविधाएं.		
(16)	परिचालन कर्मकारों के दीर्घकालिक गृह निर्माण का प्रबंधन के लिए सुविधाएं.		
(17)	सन्निर्माण या प्रचालन के दौरान नई सड़क, रेल या समुद्री यातायात.		
(18)	नई सड़क, रेल, वायु, जल वाहित या अन्य परिवहन अवसंरचना जिसमें नए या परिवर्तित मार्ग और स्टेशन, पत्तन, विमानपत्तन आदि भी सम्मिलित हैं.		
(19)	विद्यमान परिवहन मार्गों को बंद या परिवर्तित करना या यातायात परिचालन में परिवर्तनों के लिए प्रमुख अवसंरचना.		
(20)	नई या परिवर्तित प्रेषण लाईनें या पाइप लाईनें		
(21)	अवरुद्ध करना, बांध बनाना, पुलिया बनाना, पुन-रेखांकन या जल मार्गों या एक्वाफरों के जल विज्ञान के लिए अन्य परिवर्तन.		
(22)	प्रवाह पार		
(23)	भू-जल या भू-तल से जल का अंतरण या पृथक्करण		
(24)	नालियों या प्रवाह को प्रभावित करने वाले जल निकायों या भूमि स्तर में परिवर्तन.		

(1)	(2)	(3)	(4)
(25)	सन्निर्माण, प्रचालन या डिकमिशनिंग के लिए कार्मिक या सामग्रियों का परिवहन.		
(26)	दीर्घकालिक रूप में तोड़ना या डिकमिशनिंग या कार्य पुनः आरंभ करना.		
(27)	डिकमिशनिंग के दौरान जारी ऐसे क्रियाकलाप जो पर्यावरण पर प्रभाव डाल सकते हों.		
(28)	जनता का किसी क्षेत्र के लिए या तो अस्थायी रूप से या स्थायी रूप से आगमन.		
(29)	अन्य देशीय प्रजातियों की पुर:स्थापना		
(30)	मूल निवासी प्रजातियों या आनुवंशिक विविधता की हानि.		
(31)	अन्य कोई कार्यवाहियाँ		

2. परियोजना के सन्निर्माण या प्रचालन के लिए प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग (जैसे भूमि, जल सामग्री या ऊर्जा विशेष रूप से ऐसा कोई संसाधन जो नवीकरणीय नहीं है या जिसका प्रदाय कम है) :—

अनुक्रमांक	सूचना/जांच सूची पुष्टिकरण	हां/नहीं	सूचना आंकड़ों के स्रोत सहित उनके ब्यौरे (लगभग मात्राओं/दरों सहित, जहां तक संभव हो)
(1)	(2)	(3)	(4)
(1)	विशेष रूप से अविकसित भूमि या कृषि भूमि हेक्टेयर		
(2)	जल (अनुमानित स्रोत और प्रतियोगी उपयोगकर्ता) इकाई: के.एल.डी.		
(3)	खनिज (एम.टी.)		
(4)	सन्निर्माण सामग्री-पत्थर संकलित सामग्री और औसत बालू, मृदा (अनुमानित स्त्रोत एम.टी.)		
(5)	वन और इमारती लकड़ी (स्रोत-एम.टी.)		
(6)	ऊर्जा जिसके अंतर्गत विद्युत और ईंधन (स्रोत प्रतियोगी उपयोगकर्ता) इकाई : ईंधन (एम.टी.) ऊर्जा (एम. डब्ल्यू).		
(7)	कोई अन्य प्राकृतिक संसाधन, (समुचित मानक इकाइयों का उपयोग करें).		

3. पदार्थों या सामग्रियों का उपयोग भण्डारकरण, परिवहन, उठाई-धराई या उत्पादन, जो मानव स्वास्थ्य या पर्यावरण के लिए खतरनाक या जिससे मानव स्वास्थ्य की जोखिम की वास्तविकता के बारे में चिंताएं उठती हैं :—

अनुक्रमांक	सूचना/जांच सूची पुष्टिकरण	हां/नहीं	सूचना आंकड़ों के स्रोत सहित उनके ब्यौरे (लगभग मात्राओं/दरों सहित, जहां तक संभव हो)
(1)	(2)	(3)	(4)
(1)	पदार्थों या सामग्रियों का उपयोग जो मानव स्वास्थ्य या पर्यावरण (फ्लोरा फॉना और जल प्रदाय के लिए परिसंकटमय) (एम.एस.आई.एच.सी. नियमों के अनुसार) है.		
(2)	रोग के होने में परिवर्तन या रोग वाहकों के रोग का प्रभाव (उदाहरणार्थ कीट या जल जन्य रोग).		
(3)	लोगों के कल्याण पर प्रभाव उदाहरणार्थ जीवन दशाओं में परिवर्तन करके.		
(4)	लोगों के संवेदनशील समूह जो परियोजना अर्थात् अस्पताल रोगियों, बालकों, वृद्धों आदि द्वारा प्रभावित हो सकते हैं.		
(5)	कोई अन्य कारण.		

4. निर्माण या प्रचालन या प्रारंभ न करने के दौरान अपशिष्टों का उत्पादन (एम.टी./मास) :—

अनुक्रमांक	सूचना/जांच सूची पुष्टिकरण	हां/नहीं	सूचना आंकड़ों के स्रोत सहित उनके ब्यौरे (लगभग मात्राओं/दरों सहित, जहां तक संभव हो)
(1)	(2)	(3)	(4)
(1)	मृदा, अधिक भार या खान अपशिष्ट		
(2)	नगरपालिक अपशिष्ट (घरेलू और या वाणिज्यिक अपशिष्ट).		
(3)	परिसंकटमय अपशिष्ट (परिसंकटमय अपशिष्ट प्रबंधन तंत्र नियमों के अनुसार).		
(4)	अन्य औद्योगिक प्रक्रिया अपशिष्ट		
(5)	अधिशेष उत्पाद		
(6)	मल बहि:स्त्राव उपचार से मल गाद या अन्य गाद		
(7)	निर्माण या ढाये गए अपशिष्ट		
(8)	बेकार मशीनरी या उपस्कर		
(9)	संदूषित मृदाएं या अन्य सामग्रियां		
(10)	कृषि अपशिष्ट		
(11)	अन्य ठोस अपशिष्ट		

5. वायु में संदूषकों या किसी परिसंकटमय विषैली या जहरीले पदार्थों का विसर्जन :—

अनुक्रमांक	सूचना/जांच सूची पुष्टिकरण	हां/नहीं	सूचना आंकड़ों के स्रोत सहित उनके ब्यौरे (लगभग मात्राओं/दरों सहित, यथाशक्य संभव हो)
(1)	(2)	(3)	(4)
(1)	लेखन सामग्री या चल संसाधनों से जीवाष्म ईंधनों के दहन से उत्सर्जन.		
(2)	उत्पादन प्रक्रियाओं से उत्सर्जन		
(3)	सामग्रियों की उठाई-धराई जिसके अंतर्गत भंडारण या परिवहन भी है, उत्सर्जन.		
(4)	निर्माण क्रियाकलापों से जिसके अंतर्गत संयंत्र और उपस्कर भी हैं, से उत्सर्जन.		
(5)	सामग्रियों की उठाई-धराई से जिसके अंतर्गत निर्माण सामग्री, मल और अपशिष्ट भी है, धूल या गंध.		
(6)	अपशिष्ट के भस्मीकरण के उत्सर्जन		
(7)	खुली वायु में अपशिष्ट के जलने से उत्सर्जन (उदाहरणार्थ स्लैश सामग्री, निर्माण सामग्री का ढेर).		
(8)	किन्हीं अन्य स्रोतों से उत्सर्जन		

6. शोर और कंपन का पैदा होना तथा प्रकाश और उष्मा का उत्सर्जन :—

अनुक्रमांक	सूचना/जांच सूची पुष्टिकरण	हां/नहीं	सूचना आंकड़ों के स्रोत सहित उनके ब्यौरे (मात्राओं/दरों सहित, यथाशक्य संभव हो)
(1)	(2)	(3)	(4)
(1)	उपस्कर उदाहरणार्थ, ईंजन, संवातन संयंत्र, संदलन-साधित्र के प्रचालन से.		
(2)	औद्योगिक या उसी प्रकार की प्रक्रियाओं से		
(3)	निर्माण करने या तोड़ने से		
(4)	विस्फोटक या पाईलिंग से		
(5)	निर्माण या प्रचालन यातायात से		
(6)	प्रकाश या प्रशीतक प्रणालियों से		
(7)	किन्हीं अन्य स्रोतों से		

7. भूमि में या मल नालियों में, सतही जल, भूमिगत जल, समुद्र के तटीय जल में प्रदूषकों के विसर्जन से भूमि या जल के संदूषण के जोखिम :

अनुक्रमांक	सूचना/जांच सूची पुष्टिकरण	हां/नहीं	सूचना आंकड़ों के स्रोत सहित उनके ब्यौरे (मात्राओं/दरों सहित, यथाशक्य संभव हो)
(1)	(2)	(3)	(4)
(1)	परिसंकटमय सामग्री की उठाई-धराई, भंडारण, उपयोग या गाद से.		
(2)	जल या भूमि में (अपेक्षित रीति तथा विसर्जन का स्थान) मल या अन्य बहि:स्रोत के विसर्जन से.		
(3)	वायु से भूमि या जल में उत्सर्जित प्रदूषकों के जमा होने से.		
(4)	किन्हीं अन्य स्रोतों से		
(5)	क्या इन स्रोतों से पर्यावरण में दीर्घकाल तक प्रदूषक के जमा होने की जोखिम है?		

8. परियोजना के निर्माण या प्रचालन के दौरान दुर्घटनाओं के जोखिम जो मानव स्वास्थ्य या पर्यावरण को प्रभावित कर सकते हैं :

अनुक्रमांक	सूचना/जांच सूची पुष्टिकरण	हां/नहीं	सूचना आंकड़ों के स्रोत सहित उनके ब्यौरे (करीबी मात्राओं/दरों सहित, यथाशक्य संभव हो)
(1)	(2)	(3)	(4)
(1)	परिसंकटमय पदार्थों के विस्फोट, गाद, आग इत्यादि से, भंडारण, उठाई-धराई, उपयोग या उत्पादन से.		
(2)	किन्ही अन्य कारणों से		
(3)	क्या परियोजना प्राकृतिक विपदाओं द्वारा पर्यावरण को नुकसान पहुंचाएगी (उदाहरणार्थ बाढ़, भूकंप, भू-स्खलन वृष्टिस्फोट आदि)?		

9. बातें, जिन पर विचार किया जाना चाहिए (जैसे पारिणामिक विकास) जिनके कारण पर्यावरणीय प्रभाव होते हैं या जो संचयी प्रभावों के लिए अन्य विद्यमान प्रभावों सहित सम्भाव्य है या परिक्षेत्र में नियोजित क्रियाकलापों के लिए सामर्थवान है :—

अनुक्रमांक	सूचना/जांच सूची पुष्टिकरण	हां/नहीं	सूचना आंकड़ों के स्रोत सहित उनके ब्यौरे (करीबी मात्राओं/दरों सहित, यथाशक्य संभव हो)
(1)	(2)	(3)	(4)
(1)	ऐसी परियोजनाएं जिनके द्वारा अयोग्यताओं को सहयोग का विकास आनुषंगिक विकास या परियोजना द्वारा		

(1)	(2)	(3)	(4)
	विकास को प्रोत्साहन मिलता है, जिसका पर्यावरण पर प्रभाव हो सकता है अर्थात् :— ● आधारित अवसंरचना (सड़कें, विद्युत प्रदाय, अपशिष्ट या अपशिष्ट जल उपचार आदि). ● गृह निर्माण विकास ● निष्कर्षित उद्योग ● आपूर्ति उद्योग ● अन्य		
(2)	जिसके कारण स्थल का बाद में उपयोग होता है जिसका पर्यावरण पर कोई प्रभाव हो सकता है.		
(3)	पश्चात्वर्ती विकास के लिए उदाहरण स्थापित करना		
(4)	अन्य विद्यमान परियोजनाओं से सामीप्य के कारण या समान प्रभाव को नियोजित परियोजनाओं पर संचयी प्रभाव रखना.		

(तीन) पर्यावरणीय संवेदनशीलता :

अनुक्रमांक	क्षेत्र	नाम/पहचान	वायुमण्डलीय दूरी (15 किलोमीटर के भीतर) प्रस्तावित परियोजना अवस्थान सीमा
(1)	(2)	(3)	(4)
1.	उनके पारिस्थितिकी, भू-दृश्य, सांस्कृतिक या अन्य संबंधित मूल्यों के लिए अंतर्राष्ट्रीय परिपाटी, राष्ट्रीय या स्थानीय विधायन के अधीन संरक्षित क्षेत्र.		
2.	क्षेत्र जो पारिस्थितिक कारणों के लिए महत्वपूर्ण या संवेदनशील है-वेट लैड्स, जल स्रोत या अन्य जल निकाय, तटीय परिक्षेत्र, जीवमण्डल (बायोस्फीयर) पर्वत वन.		
3.	क्षेत्र जो प्रजनन, घोसला बनाने, चारे के लिए, आराम करने के लिए, सर्दी के लिए, प्रवास के लिए फ्लोरा और फॉना की संरक्षित महत्वपूर्ण या संवेदनशील प्रजातियों द्वारा उपयोग किए जाते हैं.		
4.	अंतर्देशीय, तटीय, सामुद्रिक या भूमिगत जल		

(1)	(2)	(3)	(4)
5.	राज्य, राष्ट्रीय सीमाएं		
6.	मनोरंजन हेतु या अन्य पर्यटक तीर्थ यात्रियों वाले क्षेत्रों में पहुंच के लिए जनता द्वारा उपयोग किए जाने वाले मार्ग या प्रसुविधाएं.		
7.	रक्षा प्रतिष्ठापन		
8.	सघन रूप से बसे हुए या निर्मित क्षेत्र		
9.	मानव निर्मित संवेदनशील भूमि उपयोगों के लिए अधिगृहीत क्षेत्र (अस्पताल, पाठशालाएं, पूजा स्थल, सामुदायिक सुविधाएं).		
10.	महत्वपूर्ण, उच्च गुणवत्ता या दुर्लभ संसाधनों वाले क्षेत्र (भूमिगत जल संसाधन, भू-तल संसाधन, वनोद्योग, कृषि, मत्स्य उद्योग, पर्यटन, खनिज).		
11.	क्षेत्र जो पहले से ही प्रदूषण या पर्यावरणीय नुकसान के अध्यधीन है (वे जहां विद्यमान विधिक पर्यावरणीय मानक अधिक होते हैं).		
12.	प्राकृतिक संकट के लिए अति संवेदनशील क्षेत्र जो परियोजना के लिए वर्तमान पर्यावरणीय समस्याओं का कारण बन सकते हैं (भू-कम्प, धंसना, भूस्खलन, भूमि कटाव, बाढ़ या अत्यंत या प्रतिकूल वातावरणीय दशाएं).		

(चार) ईआईए अध्ययन हेतु प्रस्तावित शर्तों के निर्देश :

प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का नाम एवं हस्ताक्षर

अपेक्षित संलग्नक :—

उद्योग विभाग के रजिस्ट्रीकरण की प्रति.

भूमि आवंटन की प्रति.

परियोजना प्रतिवेदन की प्रति.

वैचारिक योजना (कन्सेप्च्युअल प्लान).

प्रस्तावित उद्योग एवं उद्योग के आस-पास के 5 कि.मी. में सूक्ष्म स्तरीय रूपरेखा की स्थिति दर्शाता हुआ नक्शा.

टिप्पणी.—आवेदन-पत्र दो प्रतियों में संलग्न करें.

पूर्व पर्यावरणीय अनापत्ति की अपेक्षा वाली परियोजनाओं या क्रियाकलापों की सूची

अनुक्रमांक	परियोजना या क्रियाकलाप	प्रारंभ सीमा सहित प्रवर्ग		शर्तें यदि कोई हों
		क	ख	
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1.	**खनन, प्राकृतिक संसाधन का निष्कर्षण और विद्युत उत्पादन (विनिर्दिष्ट उत्पादन क्षमता के लिए) :**			
1(क)	खनिज का खनन	खनन पट्टा क्षेत्र को ≥ 50 हेक्टेयर किसी भी खनन क्षेत्र का ध्यान किए बिना एस्बैस्टस खनन.	< 50 हेक्टेयर ≥ 5 हेक्टेयर खनन पट्टा क्षेत्र.	साधरण शर्त लागू होगी **टिप्पणी :—** खनिज पदार्थों के पूर्वक्षण (जिसमें ड्रिलिंग न हो) को छूट दी गई है बशर्ते कि भौतिक सर्वेक्षण के लिए छूट वाले क्षेत्रों की पूर्व अनुमति ली गई है.
1(ख)	तट से परे और तटवर्ती तेल तथा गैस की खोज, विकास और उत्पादन.	सभी परियोजनाएं		**टिप्पणी**—खोज सर्वेक्षण (जिसमें ड्रिलिंग अन्तर्विष्ट न हो) को भौतिक सर्वेक्षण के लिए छूट वाले क्षेत्रों की पूर्व अनुमति लेने की शर्त पर छूट दी गई है.
1(ग)	नदी घाटी परियोजनाएं	(एक) ≥50 मे.वा. जल विद्युत उत्पादन. (दो) ≥10,000 हेक्टेयर खेती योग्य प्रभावित क्षेत्र.	(एक) < 50 ≥25 मे.वा. जल विद्युत उत्पादन. (दो) < 10,000 हेक्टेयर खेती योग्य प्रभावित क्षेत्र.	साधारण शर्त लागू होगी
1(घ)	तापीय विद्युत संयंत्र	500 मे.वा. ≥ (कोयला लिग्नाइट/ नेफ्था गैस आधारित) ≥ 50 मे.वा. पैटकोक डीजल तथा सभी अन्य फ्यूल.	< 500 मे.वा. (कोयला/ लिग्नाइट/ नेफ्था गैस आधारित). (पैटकोक, डीजल तथा सभी अन्य ईंधन) < 50 मे.वा. ≥25 मे.वा.	साधारण शर्त लागू होगी
1(ङ)	आणविक विद्युत परियोजनाएं और आणविक ईंधन का प्रसंस्करण.	सभी परियोजनाएं		
2.	**प्राथमिक प्रसंस्करण :**			
2(क)	कोयला शोधनशालाएं	≥1 मिलियन टन/वार्षिक कोयले का उत्पादन.	< 1 मिलियन टन/वार्षिक कोयले का उत्पादन.	साधारण शर्त लागू होंगी (यदि खनन क्षेत्र के अंदर स्थित है तो प्रस्ताव का मूल्यांकन खनन प्रस्ताव के साथ किया जाना चाहिए).

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
2(ख)	खनिज हिताधिकारी	≥ 0.1 मिलियन टन/वार्षिक कोयले का उत्पादन.	≤0.1 मिलियन टन/वार्षिक कोयले का उत्पादन.	साधारण शर्त लागू होगी अनापत्ति प्रदान करने के लिए खान प्रस्ताव का खनिज हिताधिकारी के साथ ही मूल्यांकित किया जाना चाहिए.
		3. पदार्थ उत्पादन :		
3(क)	धातुकर्म उद्योग (फैरस और गैर फैरस).	(क) प्राथमिक धातुकर्म उद्योग सभी परियोजनाएं. (ख) स्पंज आयरन विनिर्माण ≥200 टीपीडी. (ग) गौढ़ धातु कर्म प्रसंस्करण उद्योग, सभी विषाक्त और भारी धातु उत्पादित करने वाली इकाइयां ≥ 20,000 टन/वार्षिक.	स्पंज आयरन विनिर्माण . . . < 200 टीपीडी गौण धातु कर्म प्रसंस्करण उद्योग : 1. सभी विषाक्त और भारी धातु उत्पादित करने वाली इकाइयों < 20,000 टन/वार्षिक. 2. अन्य सभी विषरहित गौढ़ धातुकर्म प्रसंस्करण उद्योग. >5,000 टन/वार्षिक.	स्पंज आयरन विनिर्माण के लिए साधारण शर्त लागू होगी.
3 (ख)	सीमेंट संयंत्र	वार्षिक उत्पादन क्षमता ≥1.0 मिलियन टन.	< 1.0 मिलियन टन वार्षिक उत्पादन क्षमता यह सभी ग्रेनाईट इकाईयों पर लागू है.	साधारण शर्त लागू होगी
		4. पदार्थ प्रसंस्करण :		
4(क)	पेट्रोलियम रिफाईनिंग उद्योग	सभी परियोजनाएं	—	—
4(ख)	कोक भट्टी संयंत्र	≥25.0000 टन/वार्षिक	< 25.0000 एवं ≥25.000 टन/वार्षिक	—
4(ग)	एम्बेस्टास मिलिंग और एस्वेस्टास आधारित उत्पादन.	सभी परियोजनाएं	—	—
4(घ)	क्लोरअलकली उद्योग	उत्पादन क्षमता ≥300 टीपीडी अधिसूचित औद्योगिक क्षेत्र/संपदा से बाहर स्थित इकाई.	उत्पादन क्षमता < 300 टन पीडी और अधिसूचित औद्योगिक क्षेत्र/संपदा में अवस्थित इकाई.	विनिर्दिष्ट शर्त लागू होगी किसी नए पारा प्रकोष्ठ आधारित संयंत्र को अनुज्ञा नहीं दी जाएगी और इस अधिसूचना द्वारा झिल्लीयम प्रकोष्ठ प्रौद्योगिकी में परिवर्तन करने वाली विद्यमान इकाई को छूट प्राप्त है.
4(ङ)	सोडा भस्म उद्योग	सभी परियोजनाएं	—	—

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
4(च)	चमड़ा/त्वचा चर्म प्रसंस्करण उद्योग.	औद्योगिक क्षेत्र से बाहर सभी नई परियोजनाएं या औद्योगिक क्षेत्र के बाहर विद्यमान इकाइयों का विस्तार.	अधिसूचित औद्योगिक क्षेत्र/संपदा में नवीन परियोजनाएं या परियोजनाओं का विस्तार.	विनिर्दिष्ट शर्त लागू होगी
		5. उत्पादन/फैब्रिकेशन :		
5(क)	रासायनिक उर्वरक	सभी परियोजनाएं	—	—
5(ख)	कीटनाशक उद्योग और कीटनाशक विनिर्दिष्ट अंतर्वर्ती (संविन्यास को छोड़कर).	तकनीकी श्रेणी के कीटनाशकों का उत्पादन करने वाली सभी इकाइयां.	—	—
